**निर्णय** | बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगाने के संदर्भ में शासन को भेजा प्रस्ताव

# केबिनेट मंत्री ने जयसवाल के साथ सुनी आदिवासियों की समस्याएं




**वारासिवनी,नवभारत।** कल 11 जनवरी को जनपद पंचायत वारासिवनी के नवीन कार्यालय भवन लागत 525.67 लाख रुपये के निर्माण कार्य स्थल वारा में भूमिपूजन समारोह में पहुचे प्रह्लाद सिंह पटेल मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का क्षेत्र की तरफ से पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं में सर्वश्री किशोर अमुले,जप अध्यक्ष श्रीमती माया उइके,उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा अमुले,सरपंच सूर्यभान सिंह पुसाम,मण्डल अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे, वेदप्रकाश पटेल आदि साथ भी रहे। सम्बोधन में श्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा की क्षेत्र में सभी ग्राम पंचायतों को सामुदायिक भवन,पंचायत भवन की सर्वसुविधायुक्त सौगात प्रादेशिक सोच की तरफ से क्रमशः दी जा रही है। शेष स्थानों की सूची भी जल्द जारी की जा रही है। इसी तरह दिसम्बर 26 तक सभी ग्रामीणों क्षेत्रों में श्मशान घाट के कार्य को भी पूर्ण कर लिया जाएगा।

कार्यक्रम के पश्चात केबिनेट मंत्री प्रह्लाद पटेल गुड्डा जयसवाल के साथ आदिवासी भाइयों से उनकी मांग के संदर्भ में चर्चा करने पहुचे। जंहा सर्वसम्मति के पश्चात उन्होंने कहा की देवस्थान बड़ादेव के मंदिर व बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा इसी स्थल पर लगाने के संदर्भ में शासन को प्रस्ताव भेजा जा रहा है। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश देते हुए स्वीकृति के लिए आश्वस्त भी किया।इस घोषणा के बाद आदिवासी भाइयों ने गुड्डा जयसवाल की उपस्थिति में कैबिनेट मंत्री के निर्णय की सराहना करते हुये जय सेवा के जयघोष भी लगाये। दूसरी ओर गुड्डा जयसवाल ने कैबिनेट मंत्री को सामुदायिक व पंचायत भवन की शेष स्थानों की सूची प्रदान कर प्राथमिकता देने हेतु चर्चा भी किया।

## कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह 18 को

**नवभारत, बालाघाट।** जिले की नामचीन इनायत साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था मिरगपुर के वार्षिक स्नेहिल महोत्सव का आयोजन 18 जनवरी को आयोजित होने जा रहा है। जहां विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को शील्ड, सम्मान पत्र और नगद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। लगातार छह वर्षों से आयोजित होते आ रहे इस आयोजन में इस बार क्षेत्र के समस्त सरपंचों की बतौर अतिथि उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में तिजुलाल मेश्राम अन्नदाता सम्मान 2025 से दिनेश गोकुलपुरे, मेखराम मसखरे, खिलेश देशमुख, धनराज भोंडे को सम्मान पत्र और नगद राशि प्रदान की जायेगी। पत्रकारिता सम्मान 2025 से सुरेन्द्र गजभिए और राहुल भुरे को सम्मान पत्र और शील्ड भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।



## गौतम बुद्ध, वीरांगना अवंतीबाई एवं बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति का अनावरण होगा

**खैरलाँजी, नवभारत।** खैरलाँजी मुख्यालय स्थिति ग्राम पंचायत गुनई मे क्षेत्र मे पहली बार एक साथ तीन महापुरुष तथागत गौतम बुद्ध, विरांगना अवंतीबाई लोधी, एवं बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति का भव्य अनावरण का कार्यक्रम एवं स्वामी विवेकानन्दजी की जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। कार्यक्रम दिनांक 12 जनवरी 2026, समय: शाम 7:00 बजे से प्रारम्भ ग्राम पंचायत गुनई,खैरलांजी मे होंगा मूर्ती अनावरण के पश्चात रात्रि 9 बजे से आर्केस्ट्रा-झाँकी का भव्य आयोजन रखा गया है कार्यक्रम के मुख्यतिथि वारासिवनी-खैरलांजी विधायक विवेक विक्की पटेल एवं उपाध्यक्ष, म.प्र. कबड्डी संघ राजेश पाठक रहेंगे। मुख्य वक्ता भदंत डॉ. चंद्रकीर्ति अखिल भारतीय बौद्ध मंच के राष्ट्रीय सलाहकार, संजयसिंह कछवाह अध्यक्ष, राजपुत समाज सं. बालाघाट, प्रमुख अतिथि प्रवीण मेश्राम संस्थापक-संविधान फा. बालाघाट, आशु गुनारामजी बघेल अध्यक्ष, जनपद पंचायत खैरलांजी, जावेद अली अध्यक्ष, राहुल गाँधी विचार मंच बालाघाट, शेरा सुलाकिया युवा अध्यक्ष, अखिल भा. लोधी.महा.म.प्र., कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्गा प्रसाद लिल्हारे उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत खैरलांजी,कार्यक्रम के संचालक भारतसिंह शिवहरे, सामाजिक कार्यकर्ता गुनई उपस्थित रहे।

# श्रमदान अभियान परिषद ने कन्हड़गांव एवं अम्बेझरी में किया जल संचय




**नवभारत कटंगी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषदविकासखंड कटंगीद्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कन्हड़गांव एवं अम्बेझरी में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण लोगों के संयुक्त श्रमदान से जल संचय अभियान अंतर्गत जल संरक्षण और संवर्धन हेतु आज कन्हड़गांव में स्वैच्छिकता सामुहिक और श्रमदान से आज बोरी बंधान किया गया । बोरी बंधान के पश्चात संगोष्ठी का आयोजन किया बताया कि प्रस्फुटन समिति और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम में अध्ययनरत एम. एस. डब्ल्यू. एवं बी. एस. डब्ल्यू. के छात्रों के सामुहिक स्वैच्छिकता से श्रमदान कर जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतू बहुत अच्छा जन जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है, हम सब ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पानी बचाने के लिए बोरी बंधान, सोख्ता गड्डे सहित अन्य जल संरचना का निर्माण कर जल स्रोतों की साफ सफाई करे कर गांव गांव में जन जागरूकता हेतु संगोष्ठी चौपाल बैठक रैली चर्चा का आयोजन कर रहे हैं , मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्रा एवं प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी विगत कई वर्षों से इस प्रकार स्वैच्छिकता और सामुदायिक रूप से पानी बचाने के लिए काम कर रहे हैं ।आज के समय में बड़ी-बड़ी नदियां गर्मी के समय सूख जाती है इन सब नदियों का कैचमेंट एरिया जो अर्थात छोटे-छोटे नदी नाले को बचाना बहुत जरूरी होता है । अवलेश पारधी (परामर्शदाता) ने बताया कि पहले के समय भूमिगत जलस्तर बहुत ऊपर था परन्तु धीरे-धीरे बहुत निचे जल स्तर चला गया है यह बहुत ही चिंता का विषय है अत: परिषद द्वारा सभी को जल संचय अभियान अंतर्गत जन जागरूकता के लिए सतत् प्रेरित कर रहे हैं। उपस्थित सभी ग्रामीणों लोगों को जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शपथ भी दिलाई गई ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से अवलेश पारधी, नवांकुर संस्था अध्यक्ष युवराज मुर्खे, देवेंद्र नेवरगडे,दीपक पोचपोगड़े,उमेश डहरवाल,एम एस डब्ल्यू छात्र विनोद बाविसताले, भी एस डब्ल्यू छात्र चैलेश आम्बाडारे, अम्बझेरी समिति के अध्यक्ष जैपाल पुष्पतोडे, भास्कर देशमुख, भैयालाल, अनिल परते,जितेंद्र मोहबे, एवं अम्बेझरी में जैपाल पुष्पतोड़े अध्यक्ष ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अंबेझरी ,शिशुपाल गौपाले उपाध्यक्ष ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति,भास्कर देशमुख कोषाध्यक्ष, देवानंद पुष्पतोडे, रामदीन मरकाम, जयप्रकाश तुमडाम,दीपक,उमेश डहरवाल,की जनसहभागिता से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सहित प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी सी एम सी एल डी पी छात्रों सहित सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण लोग उपस्थित रहे ।



## प्रफुल्ल चित्रीव को पितृ शोक

**बालाघाट,नवभारत।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ सेवा निवृत कर्मचारी आर सी चित्रीव का कल प्रात: निधन हो गया । वे एक जनवरी को अपना 80 वर्ष पूर्ण किए थे । स्वर्गीय चित्रीव अपने पीछे पुत्र प्रफुल्ल चित्रीव अनुराग चित्रीव सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए उन्हें मुखागंनी बड़े सुपुत्र प्रफुल्ल चित्रीव द्वारा दी गई उनके निधन पर 2 मिनट का मौन व्रत रखते हुए आत्म शांति की कामना ईश्वर से करते हुए उपस्थित जनों ने उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करने की कामना की ।स्वर्गीय चित्रीव मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे अपने शासकीय कार्यकाल में भी उन्होंने सहृदयता का परिचय देकर सामान्य जीवन जीने पर सदैव विश्वास रखा था वह सबके प्रिय थे।

# द्वादश ज्योतिर्लिंग एवं रुद्राभिषेक का आयोजन आज



**बालाघाट,नवभारत ।** महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह एवं महर्षि विश्व शांति आंदोलन के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि विद्या मंदिर, समनापुर रोड, भटेरा, बालाघाट में कल 12 जनवरी 2026, सोमवार को एक भव्य एवं पावन आध्यात्मिक आयोजन संपन्न होने जा रहा है।

यह महर्षि ज्ञान युग दिवस समारोह , महर्षि महेश योगी के 109वें जन्मदिवस के शुभ अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत द्वादश ज्योतिर्लिंग अति रुद्राभिषेक का आयोजन प्रात: 9:00 बजे से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया जाएगा।

इस विशेष अनुष्ठान में भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों का विधि-विधानपूर्वक अभिषेक किया जाएगा, जिससे वातावरण पूर्णत: आध्यात्मिक एवं भक्तिमय हो जाएगा। आयोजन उपरांत समस्त श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है ।आयोजन समिति द्वारा समस्त शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे सपरिवार उपस्थित होकर इस पुण्यदायी आयोजन में सहभागिता करें एवं भगवान शिव की आराधना का आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें।

आयोजकों के अनुसार, यह कार्यक्रम जनमानस में आध्यात्मिक चेतना, शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य विश्व शांति की स्थापना करना है जो परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी की परिकल्पना 'धरती पर स्वर्ग 'की ओर एक प्रयास है। संस्था के सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी , प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया और विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों , विद्यार्थियों और अतिथियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल और सार्थक बनाने की अपील की है।

# लेदर बॉल क्रिकेट स्पर्धा में पेंड्रा छत्तीसगढ़ की टीम 5 विकेट से जीती

▶ **संजय केवट को दोहरे प्रदर्शन पर मिला मैन आफ द मैच**



**डिण्डौरी, अमरपुर नवभारत ।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में यंग स्टार स्पोर्ट क्लब अमरपुर के तत्वावधान में स्व. लोकमन साहू खेल मैदान में सांसद कप लेदर बॉल अमरपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में पेंड्रा छत्तीसगढ़ की टीम ने 5 विकेट से जीत दर्ज की। शनिवार को पेंड्रा छत्तीसगढ़ एवं घंसौर मंडला के मध्य मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए घंसौर मंडला ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 189 रन बनाए। ईशान जैन ने 37 गेंदों पर 9 चौके व 3 छक्के की मदद से शानदार 65 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इसके अलावा सौरव दाहिया ने 48, रब्बी सिंह ने 27 रन का योगदान दिया। घंसौर मंडला की ओर से संजय केवट एवं अभिजीत मंडल ने 2-2 विकेट हासिल किए। पेंड्रा छत्तीसगढ़ ने 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी और 16.3 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। आकाश कुमार ने 45, पवन ने 35 एवं संजय केवट ने 23 रन बनाए। अनिकेत ताम्रकार 29 व अभिजीत मंडल 16 रनों की नाबाद पारी खेली। घंसौर मंडला की तरफ से गेंदबाजी करते हुए ईशान जैन ने 2 विकेट एवं आशु श्रीवास्तव, बोब्बी, सौरव दाहिया 1-1 विकेट अपने नाम किए।

# ई-ऑफिस प्रणाली पर दिया गया प्रशिक्षण

▶ **जनपद स्तरीय अधिकारी और कर्मचारियों हुए प्रशिक्षित**




**डिंडौरी ,नवभारत ।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार जनपद पंचायत डिंडौरी कार्यालय के सभाकक्ष में शनिवार को जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यालयीन कार्यों को डिजिटल, पारदर्शी एवं अधिक कुशल बनाना रहा।

प्रशिक्षण के दौरान जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी प्रशांत कौशिक द्वारा ई-ऑफिस की उपयोगिता, फायदे एवं शासन की डिजिटल कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं वरिष्ठ प्रशिक्षक दीपक चौबे एवं प्रशिक्षक संतोष बनोटे ने ई-ऑफिस सॉफ्टवेयर के तकनीकी पहलुओं, फाइल मूवमेंट, नोटशीट, ड्राफ्टिंग एवं ऑनलाइन प्रक्रियाओं के बारे में प्रायोगिक रूप से प्रशिक्षण दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए ई-ऑफिस प्रणाली को दैनिक कार्यालयीन कार्यों में अपनाने की बात कही। प्रशिक्षण के माध्यम से जनपद पंचायत कार्यालय में ई-ऑफिस के सुचारु संचालन को लेकर कर्मचारियों में जागरूकता एवं दक्षता बढ़ी।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी जल जीवन मिशन की टंकी

**पहली बार पानी भरते ही दरकीं दीवारें, ग्रामीणों ने दी चक्काजाम की चेतावनी**



**बबलिया।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना जिले के देवरी कला बबलिया में भ्रष्टाचार और लापरवाही का शिकार होती नजर आ रही है। वर्ष 2022-23 में निर्मित पानी की टंकी अपने उद्घाटन से पहले ही जर्जर हो चुकी है। हालात इतने बदतर हैं कि पहली बार टेस्टिंग के दौरान टंकी से पानी झरने की तरह बहने लगा, जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो उठे हैं।

बताया गया कि विगत लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे देवरी कला के ग्रामीण विगत दिवस जनसुनवाई में जिला मुख्यालय पहुंचे थे। जनसुनवाई में ग्रामीणों ने कलेक्टर से गुहार लगाई थी कि निर्माणाधीन टंकी का कार्य पूर्ण कराकर जलापूर्ति शुरू की जाए। कलेक्टर के निर्देश पर जब विभाग के अमले ने टेस्टिंग के लिए टंकी को पानी से भरा, तो निर्माण कार्य की गुणवत्ता की पोल खुल गई। नई बनी टंकी चारों तरफ से बुरी तरह टपक रही है और इसकी दीवारें जीर्ण-शीर्ण हालत में दिखाई दे रही हैं।

**पाइपलाइन विस्तार में भी अनियमितता का आरोप**-ग्राम पंचायत के पंच करमसिंह वरकड़े, देवसिंह पंद्राम एवं अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि न केवल टंकी का निर्माण घटिया है, बल्कि गांव में बिछाई गई पाइपलाइन का विस्तार भी अधूरा और मापदंडों के विपरीत है। ग्रामीणों का कहना है कि कागजों पर काम पूरा दिखाया जा रहा है, लेकिन हकीकत में कई मोहल्ले आज भी पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं।

**टंकी फिर से बनाओ वरना होगा चक्काजाम**-धोखे और भ्रष्टाचार से नाराज ग्रामीणों ने मौके पर जमकर नारेबाजी की और जिला प्रशासन से सख्त मांग की है कि इस जर्जर टंकी को ध्वस्त कर नई टंकी का निर्माण कराया जाए। इसके साथ ही पाइपलाइन का विस्तार उन क्षेत्रों में भी किया जाए जहाँ अब तक पानी नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए, तो वे उग्र आंदोलन करते हुए चक्काजाम करने के लिए मजबूर होंगे।






# सिवनी और फड़की में खुली सरकारी दावों की पोल, शिक्षा से लेकर पेयजल व्यवस्था चौपट

**स्कूल से शिक्षक नदारद, छात्रावासों में लटके ताले, अव्यवस्था देख बिफरे जनपद अध्यक्ष आशाराम**

**बबलिया।** नारायणगंज जनपद पंचायत अध्यक्ष आशाराम भारतीया ने जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिवनी और फड़की रैयत-माल का सघन दौरा किया। इस दौरान विकास कार्यों की जमीनी हकीकत देखकर अध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। क्षेत्र में कहीं राशन, कहीं स्वास्थ्य, तो कहीं शिक्षा और पेयजल व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतरी नजर आई।

दौरे के पहले पड़ाव में ग्राम पंचायत फड़की रैयत और फड़की माल के ग्रामीणों ने पेयजल संकट को लेकर अध्यक्ष को घेरा। ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण कार्य अभी तक अधूरा है। गांव में पाइपलाइन तो बिछाई गई है, लेकिन घरों में टोंटियां नहीं लगाई गईं, जिसके कारण पाइपलाइन विस्तार का कोई लाभ जनता को नहीं मिल रहा है। अध्यक्ष ने इस संबंध में अधिकारियों को तत्काल कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### स्कूल में बच्चों के साथ किया भोजन

फड़की रैयत माल में अध्यक्ष ने मेरा विद्यालय, सुंदर विद्यालय अभियान के तहत गोद लिए गए प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई का अवलोकन किया और दोपहर में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया। बताया गया कि माध्यमिक शाला में 28 और प्राथमिक शाला में 41 बच्चे दर्ज हैं। वहीं स्कूल भवन का लेंटर जीर्ण-शीर्ण हालत में है और बच्चों के लिए खेल मैदान नहीं है। अध्यक्ष ने इन निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने का आश्वासन दिया।

### सिवनी में सचिव और शिक्षक मिले गायब

बताया जाता है कि जब सिवनी में निरीक्षण करने जनपद अध्यक्ष ग्राम पंचायत सिवनी पहुंचे, तो वहां अव्यवस्थाओं का अंबार मिला। ग्राम पंचायत कार्यालय में सचिव और सहायक सचिव अनुपस्थित पाए गए। शिक्षा व्यवस्था का हाल और भी बुरा था। एकीकृत माध्यमिक शाला में तैनात 4 शिक्षकों में से 2 गायब थे। माध्यमिक शाला में 53 में से मात्र 23 बच्चे और प्राथमिक शाला में 46 में से बहुत कम बच्चे उपस्थित मिले। बताया गया कि 8 जनवरी से सभी छात्रावास खुलने के आदेश के बावजूद सिवनी माल का छात्रावास बंद पाया गया। शिक्षकों ने तर्क दिया कि छात्रावास बंद होने से बच्चे नहीं आ रहे हैं।

### बीईओ पर बरसे अध्यक्ष

निरीक्षण के दौरान मिली भारी खामियों पर जनपद अध्यक्ष ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का दौरा नहीं कर रहे हैं। अधिकारी अपनी कुर्सी बचाने और जबलपुर से आने-जाने में समय खराब कर रहे हैं, जिसका सीधा असर ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था पर पड़ रहा है। उन्होंने कड़ी निंदा करते हुए जिला प्रशासन से इस ओर तत्काल ध्यान देने की मांग की है।